**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के दौरान आज धर्मशाला सचिवालय में प्रदेश के विभिन्न विभागों के लंबित मामलों पर बैठक लेंगे। इस दौरान प्रदेश सरकार की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के संबंध में भी चर्चा हो सकती है। इसके अलावा वे लोगों की जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

**बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ**

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के एक दशक पूरा होने पर सरकार आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मना रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों, छात्राओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल होंगी। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका समापन होगा। राज्य और जिला स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। देश में घटते बाल लिंग अनुपात की चिन्ता को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को ये योजना आरंभ की थी।

**उपायुक्त चंबा**

इधर प्रदेश में भी बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बीच चंबा जिला में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विद्यालय स्तर पर प्रार्थना सभा के दौरान जागरूकता सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

**जगत नेगी**

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुयाल ओरम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जगत सिंह नेगी ने जनजातीय क्षेत्रों में केंद्रीय परियोजनाओं को गति देने, सीमांत क्षेत्रों से पलायन रोकने, नौतोड़ बहाली में एफ.सी.ए की भूमिका सहित अन्य मुद्दों पर उनका आकर्षित किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**लावारिस पशु**

किन्नौर जिला के रिकांगपिओ सहित कई अन्य क्षेत्रों में इन दिनों भारी बर्फबारी के बीच पशुओं को लावारिस छोड़ा जा रहा है। हालांकि जिले में इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आई हैं जिसका स्थाई समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। जिले की एक निजी स्कूल की अध्यक्षा डोलमा नेगी ने सरकार और प्रशासन से बेसहारा पशुओं को सहारा देने की व्यवस्था करने की मांग की है।

——बाईट—डोलमा नेगी, अध्यक्षा निजी स्कूल——

उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने लोगों से इस तरह से पशुओं को बेसहारा न छोड़ने की अपील की है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। हालांकि प्रदेश के मध्यम व कम उंचाई वाले क्षेत्रों में इस सीज़न के दौरान कम बारिश होने से किसान और बागवान काफी चिंतित हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आज और कल प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है **प्रदर्शन के अनुरूप होगी शिक्षकों, अफसरों व कर्मियों की एसीआर।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **मटौर में बोले सीएम—सभी विभागों में लागू करेंगे प्रक्रिया।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है **डिपुओं में 8 से 10 रूपए तक सस्ता मिलेगा तेल—रिफाइंड।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **पहाड़ों में लगातार तीसरे दिन बर्फबारी, अधिकतम तापमान में 2 डिग्री तक आई गिरावट।** पंजाब केसरी लिखता है **आज से वर्षा का येलो अलर्ट।**

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर। नमस्कार**